Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide adequate fertilizer to farmers in Chhattisgarh-laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): केन्द्र सरकार से इस वर्ष के खरीफ फसल हेतु रसायनिक उर्वरक यूरिया, डी.ए.पी., एन.पी.के. और एस.एस.पी. की मांग समय रहते, छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के किसानों के लिए की है परंतु केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की मांग के सापेक्ष रसायनिक उर्वरक की अत्यंत कम आपूर्ति कराई गई है, यह चिन्ता की बात है । इस कारण किसानों के समक्ष उर्वरक की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार अपने स्तर पर किसानों के हितों के लिए गोठान से आर्गनिक खाद उपलब्ध करा कर किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है । दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य की मांग की उपेक्षा से किसानों के हितों की केन्द्र सरकार अनदेखी कर रही है । केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि रासायनिक उर्वरकों हेतु छत्तीसगढ़ सरकार की मांग के सापेक्ष किसानों के हितों को देखते हुए रासायनिक उर्वरक अविलम्ब उपलब्ध कराये ।